भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4862

01 अप्रैल, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुर्वेदिक दवाओं के उत्पादन के लिए मेगा पार्क

4862. श्री वाई.एस. अविनाश रेड्डी:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने स्वदेशी दवाओं को बढ़ावा देने के उपायों के एक भाग के रूप में आयुर्वेदिक दवाओं के उत्पादन के लिए मेगा पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव किया है;
(ख) यदि हां, तो राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या आंध्र प्रदेश में ऐसे किसी मेगा पार्क के लिए स्वीकृति दी गई है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) आंध्र प्रदेश में ऐसे मेगा पार्कों की स्थापना के लिए कितनी राशि नियत और जारी की गई है और आज की तिथि के अनुसार इसकी क्या स्थिति है?

उत्तर

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (ड.): आयुष मंत्रालय को इस प्रकार का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। तथापि, यदि कोई व्यक्ति आयुष औषधियों की उत्पादन इकाई स्थापित करने का इच्छुक हो, तो उसे संबंधित राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकारी से औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के तहत निर्दिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार लाइसेंस प्राप्त करने की जरूरत होती है।

*****